तापमान

भोपाल	14.0°	29.0°
इंदौर	15.0°	29.0°
जबलपुर	16.0°	27.0°
ग्वालियर	13.0°	28.0°
सागर	15.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 354, पृष्ठ 12)
कार्तिक, शुक्ल चतुर्दशी संवत् 2083
सोमवार, 23 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... झाबुआ की बेटी हीमा के बाल विवाह रोकने के...



व्यापार... चांदी की तेजी का बुलबुला फूटा, ऊंचे भाव पर...



खेल... हांगकांग ओपनः सात्विक-चिराग की जोड़ी और...



देश-विदेश... मंदिर-दरगाह विवाद के बीच दीप जलाने के...

कच्छ में सात मृतक सैनिकों के परिजन, जूनागढ़ में कार पलटने के बाद लगी आग...

हादसों का रविवारः देश भर में 48 लोगों की मौत, कई घायल

नईदुनिया ब्यूरो, गुजरातः *देश के अलग-अलग राज्यों में हुए सड़क हादसों ने कई परिवारों को गहरे दुख में डाल दिया। राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, बिहार और उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु में हुई इन दुर्घटनाओं में 48 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई। तेलंगाना में लॉरी ने एक ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। हरियाणा के करनाल में दो कारों की टक्कर में 10 वर्षीय बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे में तीन से चार अन्य लोग घायल हुए हैं। हरियाणा में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।*

कच्छ में ट्रक-कार की भिड़ंत में तीन बच्चों सहित सात की जान गई



कच्छ में शनिवार रात करीब 10 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक और कार की भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार दो हिस्सों में बंट गई। कार में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतक उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र के रहने वाले थे और भुज में तैनात सेना के जवानों के परिवारों से संबंधित थे। वे रण ऑफ कच्छ घूमकर भुज लौट रहे थे। हादसे के बाद कार में शव बुरी तरह फंस गए थे। बचाव दल को उन्हें बाहर निकालने में कई घंटे लगे। मृतकों की पहचान सौरभ सिंह नेगी (30), उनकी पत्नी सविता (30) और तीन महीने की बेटी शिविका के रूप में हुई है। इनके अलावा राजेश सिंह रावत (35), उनकी सात वर्षीय बेटी रक्षित, रिंकी गोसाईं (30) और चार वर्षीय वामिका की भी मौत हुई।

जूनागढ़ में कार पलटने के बाद आग लगने से तीन की मौत



दूसरा हादसा रविवार सुबह करीब पांच बजे केशोद-बालागाम मार्ग पर घामिडाना गांव के पास हुआ। जूनागढ़ से माधवपुर जा रही लाल रंग की कार मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से टकराई और पलट गई। इसके बाद कार में आग लग गई। उसमें सवार चार लोगों में से दो पुरुषों और एक महिला की जलने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान नंदनी पोपट, डेनिस दिवराणिया और झलक मशरू के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 25 से 27 वर्ष के बीच थी। कार में सवार युवती कृष्णा चूड़ासमा शीशा टूटने के कारण बाहर खेत में जा गिरीं, जिससे उनकी जान बच गई। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार क्रूजर, एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे सभी, मृतकों में दो बच्चे भी शामिल

नईदुनिया ब्यूरो, कोटाः राजस्थान के कोटा-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर शनिवार देर रात तेज रफ्तार क्रूजर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस भीषण हादसे में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। दुर्घटना में ट्रक चालक सहित सात लोग घायल हुए हैं। हादसा कोटा के नाता थाना क्षेत्र में शंभूपुरा गांव के पास रात करीब एक बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि क्रूजर में सवार लोग वाहन में फंस गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों तथा शवों को बाहर निकाला। सभी घायलों को न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम के अनुसार, क्रूजर में एक ही परिवार के 15 लोग सवार थे।



सभी महाराष्ट्र के धुले जिले के रहने वाले थे और खाटूश्यामजी के दर्शन कर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, परिवार के कुल 36 सदस्य मंगलवार को तीन अलग-अलग वाहनों से धार्मिक यात्रा पर निकले थे। यात्रा के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर और उज्जैन के साथ राजस्थान के सांवरिया सेठ, अजमेर तथा पुष्कर के दर्शन किए। शनिवार सुबह करीब 11 बजे वे खाटूश्यामजी पहुंचे थे।

आपदा प्रबंधन में शून्य जनहानि का लक्ष्यः शाह



नईदुनिया ब्यूरो, होलोंगीः *केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि सरकार आपदा प्रबंधन में शून्य जनहानि के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। इसके तहत जोखिम वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को समय रहते चेतावनी देने और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने को प्राथमिकता दी जा रही है। होलोंगी में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की 12वीं बटालियन के परिसर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि इस केंद्र से पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों और आपात स्थितियों से निपटने की क्षमता मजबूत होगी।*

अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम चरण का लोकार्पण, मुख्यमंत्री बोले-

खेल इतिहास का स्वर्णिम दिन

नाथू बरखेड़ा में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से हुआ निर्माण; एशियाई खेलों के पदक विजेताओं को दी पुरस्कार राशि



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नाथू बरखेड़ा स्थित खेल ग्राम में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर के प्रथम चरण का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दिन भोपाल और मध्यप्रदेश के खेल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से युक्त यह परिसर खेलों और खिलाड़ियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खेलों के विकास के लिए विशेष प्रयास किए हैं। इसके परिणामस्वरूप भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित खेल प्रेमियों से मोबाइल की टार्च जलाकर लोकार्पण समारोह में सहभागी बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह और अन्य कलाकारों का भी अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एशियाई खेल 2026 में मध्यप्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि वितरित की। इस दौरान खेल ग्राम का अवलोकन, प्रदेश में खेलों के विकास, खेल अकादमियों और अधोसंरचना पर आधारित विशेष फिल्म का प्रदर्शन हुआ। महिला हॉकी दलों के साथ भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, मलेशिया और थाईलैंड की टीमों ने मार्चपास्ट किया।

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि भारत दुनिया का सर्वाधिक युवा राष्ट्र है और मध्यप्रदेश में 28 प्रतिशत युवा निवास करते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश स्वर्णिम राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस परिसर से खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है। परिसर के आगामी चरणों का काम भी जारी है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि किसानों ने खेल परिसर के निर्माण के लिए स्वेच्छा से भूमि उपलब्ध कराकर खेलों के विकास में योगदान दिया। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि परिसर से प्रदेश के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रतिभा निखारने के अवसर मिलेंगे।

नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने को तैयार

आइजनकोट

तेल अवीव, एजेंसीः इजराइल में नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। याशार पार्टी के प्रमुख गादी आइजनकोट ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पार्टी लिकुड को गठबंधन सरकार बनाने के लिए बातचीत का निमंत्रण दिया है। दोनों दलों के बीच रविवार को चर्चा होगी। हालांकि, आइजनकोट ने स्पष्ट किया है कि गठबंधन सरकार बनने की स्थिति में प्रधानमंत्री का पद उन्हें ही मिलना चाहिए। खास बात यह है कि एक सप्ताह पहले तक आइजनकोट नेतन्याहू के साथ सरकार बनाने के पक्ष में नहीं थे। उस समय उन्होंने नेतन्याहू के प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा था कि वे उनकी राजनीतिक चाल में नहीं फंसेंगे।

राइजिंग स्टार्स एशिया कप में अभिषेक शर्मा की अर्धशतकीय पारी



दोहा, एजेंसीः राइजिंग स्टार्स एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में भारतीय टीम की स्थिति मुश्किल हो गई है। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 313 रन बनाए और भारत को जीत के लिए 314 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में भारतीय टीम ने 27 ओवर के बाद छह विकेट पर 138 रन बना लिए थे। कप्तान तिलक वर्मा और शाहबाज अहमद क्रीज पर मौजूद थे। भारत की ओर से अभिषेक शर्मा ने सबसे अधिक 70 रन बनाए। उन्होंने 42 गेंदों का सामना करते हुए छह चौके और छह छक्के लगाए। हसन नवाज की गेंद पर छक्का लगाकर उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, अच्छी शुरुआत के बाद वह अपनी पारी को और आगे नहीं बढ़ा सके और आउट होकर पवेलियन लौट गए। भारतीय पारी में वैभव सूर्यवंशी, कुमार कुशाग्र, आयुष बडोनी, रिंकू सिंह और सूर्यांश शेडगे भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।

थाईलैंड को 7-0 से रौंदा, दीपिका ने दागे तीन गोल

महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में 'भारत की हैट्रिक'

जापान ने चीन और मलेशिया ने कोरिया को हराया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में मेजबान भारतीय टीम ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की। रविवार को नाथू बरखेड़ा स्थित नए खेल परिसर में खेले गए मुकाबले में भारत ने थाईलैंड को 7-0 से पराजित किया। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा। भारत की ओर से दीपिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए। नवनीत कौर ने तीसरे मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद दीपिका ने नौवें और 10वें मिनट में लगातार दो



गोल दागे। मुमताज खान ने 27वें और सुनेलिता टोप्पो ने 31वें मिनट में गोल कर भारत की बढ़त 5-0 कर दी। इसके बाद दीपिका ने 55वें मिनट में अपना तीसरा गोल किया। इसी मिनट नवनीत कौर ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर भारत को 7-0 से जीत दिलाई। दिन के अन्य मुकाबलों में मलेशिया ने कोरिया को 3-1 से हराया। मलेशिया की ओर से नूरमाइजातुल स्याफी ने 32वें, नूरामिराह जुल्किफ्ली ने 37वें और सिती मोहद ने 59वें मिनट में गोल किया। कोरिया के लिए साएना जियोंग ने 35वें मिनट में एकमात्र गोल किया। वहीं जापान ने चीन को 3-1 से पराजित किया। जापान की ओर से यामामोटो रीना ने 18वें, कानेको नानामी ने 34वें और मारुयामा निको ने अंतिम क्षणों में गोल किया। चीन के लिए काई वेनकियान ने 44वें मिनट में गोल किया। इस जीत के साथ जापान ने भी लगातार तीसरी सफलता हासिल की।

घरेलू कलह में मां ने दो बच्चों को जहर देकर खुद भी पी लिया, तीनों की मौत

एक दिन पहले देवरानी को आटा नहीं देने पर पति से हुआ था विवाद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के देहात क्षेत्र के ईंटखेड़ी थाना इलाके में एक महिला ने अपने दो बच्चों को जहर देने के बाद खुद भी पी लिया। उपचार के दौरान अस्पताल में तीनों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला कि महिला की देवरानी ने एक दिन पहले आटा मांगा था, लेकिन इसने मना कर दिया था। इस बात का पता चलने पर पति ने महिला को समझाया था।

एसपी (देहात) पंकज पांडेय ने बताया कि ग्राम अरवलिया निवासी फहीम खान भोपाल में पंक्चर बनाने का काम करते हैं। उनके साथ पत्नी 37 वर्षीय रुखसाना के साथ 12 वर्ष की बेटी और आठ वर्ष का बेटा भी रहते थे। रोजाना की तरफ फहीम शनिवार सुबह दुकान पर चले गए थे। दोनो बच्चे स्कूल चले गए थे। इस बीच रुखसाना दोनों बच्चों को छुट्टी होने के पहले ही स्कूल से घर ले आई। उसने पहले घर के दरवाजे अंदर से बंदकर दोनों को खाना खिलाया। उसके बाद पानी में जहर मिलाकर पहले बच्चों को पिला दिया और बाद में खुद भी पी लिया। हालत बिगड़ने पर बच्चों ने चीख पुकार मचाना शुरू कर दी। पड़ोसी दरवाजा तोड़कर घर में पहुंचे, तो मां-बच्चे बुरी तरह तड़प रहे थे। तीनों को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार देर रात रुखसाना की मौत हो गई। उधर रविवार तड़के बच्चों ने भी दम तोड़ दिया।

सोना नहीं खरीदने की सलाह पर प्रधानमंत्री को व्यापारियों का धन्यवाद पत्र

कारोबारी संगठन का दावा- सोना सस्ता होने से लाखों व्यापारी नुकसान से बचे

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोना नहीं खरीदने की सलाह को लेकर कारोबारी संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने उन्हें धन्यवाद पत्र भेजा है। संगठन का कहना है कि प्रधानमंत्री की अपील के बाद कई व्यापारियों ने महंगे भाव पर सोना खरीदने से परहेज किया, जिससे वे बड़े आर्थिक नुकसान से बच गए। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सलाह के समय सोने का भाव करीब 1.90 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम था, जो अब घटकर 1.25 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह प्रति किलोग्राम 65 लाख रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। प्रति 10 ग्राम के हिसाब से कीमत 1.90 लाख रुपये से घटकर 1.25 लाख रुपये रह गई है। संगठन के अनुसार, देशभर में लाखों आभूषण कारोबारी कई महीनों का सोना अपने पास भंडार के रूप में रखते हैं। यदि उन्होंने पुराने ऊंचे भाव पर खरीदारी की होती तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता। सीटीआई का कहना है कि सोने की कीमतों में गिरावट से अब शादी के मौसम में खरीदारी करने वाले परिवारों को भी राहत मिल रही है। संगठन के अनुमान के मुताबिक, इस मौसम में करीब 52 लाख शादियां होनी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को लखनऊ में अपने संबोधन के दौरान एक वर्ष पहले की गई सोना नहीं खरीदने की अपील का उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि देशवासियों ने उनकी बात मानी और कम सोना खरीदा, जिससे लोगों की बचत हुई। गौरतलब है कि 10 मई 2026 को तेलंगाना में प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए सात अपीलें की थीं।





डीजीपी मकवाना को मिल सकता है तीन महीने का एक्सटेंशन!

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच मौजूदा डीजीपी कैलाश मकवाना को तीन महीने का सेवा विस्तार दिए जाने की संभावना जताई जा रही है। यदि सरकार उनके कार्यकाल को बढ़ाने का फैसला करती है, तो नए डीजीपी की नियुक्ति कुछ महीने के लिए टल सकती है। इसके साथ ही नए पुलिस मुखिया के चयन के लिए तैयार पैनल का समीकरण भी बदल सकता है। 22 नवंबर को नई दिल्ली में उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से मकवाना को तीन महीने का एक्सटेंशन दिए जाने की चर्चा सामने आई। यदि ऐसा होता है, तो वे फरवरी 2027 के अंत तक पद पर बने रह सकते हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह भारत पहुंचे

आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता, अयोध्या-जनकपुरधाम नई रेल सेवा का करेंगे उद्घाटन

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह रविवार को भारत पहुंचे। अपने पहले द्विपक्षीय दौरे पर आए शाह ने शाम को विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में उनका औपचारिक स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। नेपाल के प्रधानमंत्री की सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। इसके बाद दोनों नेता अयोध्या और नेपाल के जनकपुरधाम के बीच चलने वाली नई रेलगाड़ी का उद्घाटन करेंगे।

एआई पर प्रतिबंध लगाने के बजाय उपयोग सिखाएं : सीजेआई

नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने विधि महाविद्यालयों और कानून के शिक्षकों को सलाह दी है कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर प्रतिबंध लगाने के बजाय विद्यार्थियों को इसके जिम्मेदार और उचित उपयोग का प्रशिक्षण दें। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी दौर में इस साधन से दूरी बनाने के बजाय इसका सही इस्तेमाल सीखना आवश्यक है। हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रमंडल सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विधि शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका पर विचार रखे।


जासूसी *चीन तक एनवीडिया की चिप पहुंचाने के नेटवर्क का खुलासा...*

एलिस सिर्फ चेहरा, उसके दोस्त मिंग ने की चिप तस्करी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः चीन तक अमेरिकी कंपनी एनवीडिया की उन्नत एआई चिप पहुंचाने के कथित मामले में नया खुलासा हुआ है। एलिस हुआंग को लेकर दावा किया गया है कि वह केवल नेटवर्क का सार्वजनिक चेहरा थीं। पर्दे के पीछे इसका संचालन एलिस का दोस्त 52 वर्षीय चीनी कारोबारी ली मिंग कर रहा था। ली मिंग ने दक्षिण-पूर्व एशिया में कई कंपनियों का जाल तैयार किया था। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद एनवीडिया की उन्नत चिप चीन पहुंचाने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, ली मिंग सिंगापुर में कारोबार करता था और एनवीडिया की चिप से युक्त कंप्यूटर सर्वर की खरीद तथा आपूर्ति से जुड़ी कई कंपनियों के साथ काम कर रहा था। वह सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड के कामकाज में भी सक्रिय था और कंपनी के महत्वपूर्ण फैसलों में उसकी भूमिका बताई गई है।

मलेशिया के रास्ते चीन भेजे गए सर्वर

ली मिंग पर आरोप है कि उसने अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं को बताया था कि एनवीडिया की चिप वाले सर्वर का इस्तेमाल सिंगापुर स्थित उसकी कंपनी करेगी। हालांकि, फरवरी 2025 में दर्ज मामले के अनुसार, इन सर्वरों को पहले मलेशिया भेजा गया और फिर किसी तीसरे देश पहुंचाने का आरोप लगा। ली मिंग फिलहाल जमानत पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ली मिंग के एलिस हुआंग और उनके पति कांग वेई के साथ लंबे समय से कारोबारी संबंध थे। अमेरिकी सरकार की ओर से चीन को उन्नत चिप बेचने पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद इन लोगों ने दक्षिण-पूर्व एशिया में कंपनियों का नेटवर्क तैयार किया। आरोप है कि मेगास्पीड ने मलेशिया स्थित आंकड़ा केंद्र के माध्यम से चीन की प्रौद्योगिकी कंपनी अलीबाबा को गणना क्षमता उपलब्ध कराई। कुछ एनवीडिया सर्वर चीन भी भेजे गए।



एलिस भी जांच के दायरे में रहीं

सिंगापुर के गृह मंत्रालय के अनुसार, पुलिस और सीमा शुल्क विभाग ने फरवरी 2025 में मेगास्पीड तथा उससे जुड़े लोगों की जांच शुरू की थी। एलिस हुआंग भी जांच के दायरे में थीं। वह उस समय कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष थीं। हालांकि, सिंगापुर सरकार ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ जासूसी के मामले में जांच नहीं हुई थी। फरवरी 2026 में उनके विरुद्ध संभावित गलत घोषणाओं से जुड़े अपराधों में आरोप तय करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले थे। जांच के दौरान गलत जानकारी देने और कंपनी में अपनी भूमिका कम करके बताने पर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई थी। मेगास्पीड ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। कंपनी का कहना है कि वह निर्यात संबंधी नियमों का पालन करती है। सिंगापुर और अमेरिका में इस मामले की जांच जारी है।